**प्रेस नोट**

**जनपद सीतापुर**

# रक्षाबंधन पर सतर्क रह कर कहीं मिलाया अपनो से तो कहीं दिलाया छूटा बैग

**दिनांकः-23.08.2021**

पुलिस अधीक्षक सीतापुर श्री आर.पी. सिंह द्वारा वर्तमान में प्रचलित त्यौहारों के मद्देनजर जनपदीय पुलिस को निरंतर सक्रिय रहकर समस्त त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराने के निर्देश दिये गये है।

दिये गये निर्देशों के अनुपालन के क्रम में दिनांक 22/23.08.2021 को रक्षाबंधन त्यौहार के मद्देनजर लगाई गई पुलिस ड्यूटियों की तत्परता के कारण थाना लहरपुर पुलिस टीम द्वारा एक महिला का बैग जिसमे करीब 2 लाख के जेवरात व नगदी की सकुशल सुपुर्दगी महिला को की गई। इसके अतिरिक्त थाना मिश्रिख पुलिस टीम द्वारा अपने परिजनों से बिछड़ी अकेली रोती मिली बालिका को उसके परिजनों को तलाश कर सकुशल सुपुर्द किया गया एवम् थाना महमूदाबाद पुलिस टीम द्वारा रास्ता भटक कर आयी बालिका को उसके परिजनों के सकुशल सुपुर्द किया गया।

❖ **थाना लहरपुर टीम ने लौटाया छूटा बैग-** दिनांक 22.08.21 को श्रीमती कोमल गुप्ता पत्नी सुमित यज्ञसेनी नि0 मो0 कपूरथला जनपद लखीमपुरखीरी अपने भाई सूरज गुप्ता निवासी तंबौर जनपद सीतापुर के साथ ससुराल से मायके जा रही थी, रास्ते मे केसरीगंज के पास किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अनजाने मे महिला का बैंग जिसमे करीब 2 लाख रूपये के जेबरात व कुछ नगदी था, उतार लिया गया था व बस के आगे बढ़ जाने के कारण वह व्यक्ति बैग वहीं छोड़ कर चला गया। ड्यूटीरत पुलिस कर्मियों द्वारा चेकिंग के दौरान मिले बैग को कब्जे मे लेकर सुरक्षित रखवाकर तत्परता दिखाते हुये बस अड्डे जाकर बैग के विषय मे जानकारी की गई जिससे बैग की शिनाख्त उपरोक्त महिला से कराने पर बैग उक्त महिला का पाया गया।

**पुलिस टीम-** 1.प्रभारी निरीक्षक श्री मनीष कुमार सिंह 2. उ0नि0 श्री पवन कुमार मिश्र 3.हे0का0 नीरज सिंह

- **थाना मिश्रिख टीम ने खोयी बालिका को मिलाया अपनो से-** दिनांक 22.08.21 को ड्यूटीरत थाना मिश्रिख पुलिस को चेकिंग के दौरान नहर चौराहे पर एक अज्ञात बालिका उम्र करीब 5 वर्ष रोती बिलखती मिली। रोती बिटिया को विनम्रतापूर्वक शांत करा कर महिला आरक्षी गुंजन की सुपुर्दगी में रखा गया एवम् उस से परिजनों के विषय में जानकारी करने का प्रयास किया गया तो मात्र पिता का नाम महेंद्र बता रही थी। तत्परतापूर्वक कार्यवाही करते हुए बालिका की तस्वीर को आसपास के लोगो को दिखाते हुए जानकारी करने का प्रयास किया गया तो लोगो द्वारा बताया गया कि उक्त बालिका को इसके परिजन भी ढूंढ रहे हैं। परिजनों को कस्बा बाजार में तलाश कर बालिका की पहचान करायी गयी तो उन्होंने बताया कि ये हमारी बिटिया साधना है जिसे लेकर मै अपनी ससुराल को जा रहा था। पूर्ण तस्दीक के पश्चात् बालिका को सकुशल उसके पिता के सुपुर्द किया गया।

**पुलिस टीम -** उ0नि0 श्री ऋषभ यादव 2.का0 रामअनुज वर्मा 3.का0 रामकृष्ण 4.म0आ0 गुंजन

- **थाना महमूदाबाद ने भटकी बालिका को मिलाया अपनो से-** दिनांक 23.08.21 को ड्यूटीरत थाना महमूदाबाद पुलिस को चेकिंग के दौरान रमकुंडा चौराहे पर एक अज्ञात बालिका उम्र करीब 3 वर्ष मिली थी जिसे महिला आरक्षी रविता की सुपुर्दगी में रखा गया एवम् वह अपने बारे में जानकारी देने में असमर्थ थी। बालिका की जानकारी आस पास के क्षेत्र से की जा रही थी कि इस बीच थाना महमूदाबाद पर एक व्यक्ति श्री राम लखन सोनी निवासी ग्राम बेलदारी टोला कस्बा व थाना महमूदाबाद जिला सीतापुर अपनी नातिन के भटक कर कहीं चले जाने की सूचना थाने पर देने आये जिसे उपरोक्त मिली बालिका से मिलवाया गया तो बताया कि वह उसकी नातिन कुमारी दिव्यांशी पुत्री अरुण सोनी ग्राम रमईपुर थाना मानपुर जनपद सीतापुर उम्र करीब 3 वर्ष है जो अपनी माता के साथ कल घर पर आयी थी। जो आज सुबह भटक कर कहीं  चली गयी थी। पूर्ण तस्दीक के पश्चात् बालिका को सकुशल उसके नाना के सुपुर्द किया गया।

**<u>पुलिस टीम-</u>** उ0नि0 संदीप तिवारी, हे0का0 रंजीत यादव, हे0का0 शिवाकांत पांडेय, म0आ0 रविता धामा

जनपदीय पुलिस द्वारा रक्षाबंधन के पावन पर्व पर हर जगह सतर्क होकर कर्तव्य परायणता व तत्परता के साथ पूरी निष्ठा व ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया गया, जिसके फलस्वरूप विकट परिस्थिति मे महिला का खोया हुआ बैग वापस दिलाकर एवम् बालिकाओं को उनके परिजनों के सुपुर्द कर सभी के चेहरो पर मुस्कान लाने का काम किया।


पुलिस सहायता
चौकी कस्बा
थाना मिश्रित-सीतापुर
थाना प्रभारी निरीक्षक
मो0-9454404256
चौकी प्रभारी
कस्बा मिश्रित


कोतवाली महमूदाबाद
जनपद - सीतापुर
airtel
नोटिस बोर्ड
कार्यालय
1090



